संख्या-28/2024/आई/481052/23-1-24/001-23-1002(002)/2/2024

प्रेषक,

राजेश प्रताप सिंह,
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-1 लखनऊ :दिनांक 30 जनवरी, 2024

विषय- वित्तीय वर्ष 2023-24 में अनुदान सं0-58 लेखाशीर्षक-5054 के अन्तर्गत राज्य सड़क निधि योजनान्तर्गत विभिन्न जनपदों के 19 मार्गों के नवनिर्माण कार्य हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियंता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के अधोलिखित तालिका के स्तम्भ-2 में अंकित पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि निम्न विवरणानुसार **विभिन्न जनपदों के 19 मार्गों के नवनिर्माण कार्यों हेतु कुल लागत रू0 31,09,28,000/- (रूपये इकतीस करोड़ नौ लाख अठ्ठाइस हजार मात्र)** की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के साथ चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में अनुदान सं0-58 के **लेखाशीर्षक-5054** के अन्तर्गत राज्य सड़क निधि से कुल **रू0 7,77,32,000/- (रूपये सात करोड़ सतहत्तर लाख बत्तीस हजार मात्र)** की वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन निर्गत किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(धनराशि रू0 लाख में)

क्र0 सं0	मुख्य अभियन्ता (मु0-1) लो0नि0वि0 का पत्रांक व दिनांक	खण्ड/ जनपद	कार्य का नाम	कुल लम्बाई (कि0 मी0 में)	कुल लागत	अवमुक्तधनराशि
1	2	3	4	5	6	7
1	2815/(54-C)/समग्र वृत्त/ 2023-24, दिनांक 21.12.2023	प्रा0खं0/ शाहजहांपुर	गेहुंआ मार्ग से अठकोहना मार्ग का नवनिर्माण कार्य।	1.100	96.82	24.20
2	2815/(54-C)/समग्र वृत्त/ 2023-24, दिनांक 21.12.2023	प्रा0खं0/ शाहजहांपुर	अहमदनगर से रामापुर बरकतपुर सम्पर्क मार्ग के नवनिर्माण के कार्य।	2.200	188.42	47.10
3	2815/(54-C)/समग्र वृत्त/ 2023-24, दिनांक 21.12.2023	नि0खं0-1 / शाहजहांपुर	पिलुआ से टढ़ई सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	3.100	273.37	68.34
4	2815/(54-C)/समग्र वृत्त/ 2023-24, दिनांक 21.12.2023	नि0खं0-1 / शाहजहांपुर	कमलनयनपुर से राजपुर गुमटानी सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	3.000	343.81	85.95
5	2815/(54-C)/समग्र वृत्त/ 2023-24, दिनांक 21.12.2023	नि0खं0-1 / शाहजहांपुर	सरफरा से मोहनपुर सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य।	0.850	76.90	19.22
6	2815/(54-C)/समग्र वृत्त/ 2023-24, दिनांक 21.12.2023	नि0खं0-1 / शाहजहांपुर	ग्राम इंदेपुर से ग्राम नौसारा सम्पर्क मार्ग।	0.670	106.90	26.72

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

क्र0 सं0	मुख्य अभियन्ता (मु0-1) लो0नि0वि0 का पत्रांक व दिनांक	खण्ड/ जनपद	कार्य का नाम	कुल लम्बाई (कि0 मी0 में)	कुल लागत	अवमुक्तध नराशि
1	2	3	4	5	6	7
7	2837/(54-C)/समग्र वृत्त/ 2023-24, दिनांक 26.12.2023	नि0खं0-1 / शाहजहांपुर	गंगानगर से मीर वैश्यपुर सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य।	1.200	110.86	27.71
8	2815/(54-C)/समग्र वृत्त/2023-24, दिनांक 21.12.2023	प्रा0खं0/ शाहजहांपुर	बिलन्दापुर गद्दीपुर तिराहे से मॉडल स्कूल तक सम्पर्क मार्ग के नवनिर्माण कार्य।	1.500	132.99	33.25
9	2837/(54-C)/समग्र वृत्त/ 2023-24, दिनांक 26.12.2023	प्रा0खं0/ शाहजहांपुर	फरीदपुर मार्ग से जलालपुर (सुराही) सम्पर्क मार्ग के नवनिर्माण कार्य।	2.200	211.30	52.83
10	2837/(54-C)/समग्र वृत्त/ 2023-24, दिनांक 26.12.2023	प्रा0खं0/ शाहजहांपुर	पी0एस0एच0एल0 मार्ग किमी0 किमी0-40 (नन्हेलाल के कोल्हू) से नरौठा हंसराम सम्पर्क मार्ग।	2.500	258.70	64.68
11	2815/(54-C)/समग्र वृत्त/ 2023-24, दिनांक 21.12.2023	प्रा0खं0/ शाहजहांपुर	जेबा से कटका होते हुए ग्राम फरेन्दावरा सम्पर्क मार्ग ।	2.100	183.71	45.93
12	2804/(54-IX)/समग्र वृत्त/ 2023-24, दिनांक 20.12.2023	प्रा0खं0/ खीरी	विनोद पाल के घर के सामने से नयागॉव तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	2.850	251.93	62.98
13	2804/(54-IX)/समग्र वृत्त/2023-24, दिनांक 20.12.2023	प्रा0खं0/ खीरी	ग्राम जमुनिया सहबाज होते हुए बाबूपुरवा से गोड़िया खेड़ा तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	1.020	95.19	23.80
14	2815/(54-C)/समग्र वृत्त/2023-24, दिनांक 21.12.2023	नि0खं0-3 / बाराबंकी	ग्राम मंजीठा में नाग देवता मंदिर के पीछे से होते हुए मोहम्मदाबाद नहर की पटरी तक सम्पर्क मार्ग।	1.500	116.24	29.06
15	2827/(54-IX)/समग्र वृत्त/ 2023-24, दिनांक 22.12.2023	प्रा0खं0/ सीतापुर	सलारपुर-जल्लापुर सम्पर्क मार्ग से पसुरा बेलवा के मध्य छूटी कड़ी का नवनिर्माण कार्य।	2.950	253.82	63.46
16	2827/(54-IX)/समग्र वृत्त/ 2023-24, दिनांक 22.12.2023	प्रा0खं0/ सीतापुर	बेलवा बाजार पसुरा से मरसंडा के मध्य छूटी कड़ी का नवनिर्माण कार्य।	2.050	225.95	56.49
17	2680/(54-IX)/समग्र वृत्त/ 2023-24, दिनांक 05.12.2023	प्रा0खं0/ देवरिया	वित्तीय वर्ष 2023-24 में जनपद देवरिया के विधान सभा क्षेत्र रूद्रपुर के अन्तर्गत शहीद ग्रुप कैप्टन वरूण सिंह सम्पर्क मार्ग के नवनिर्माण का कार्य।	0.670	80.06	20.02
18	2421/(54-C)/समग्र वृत्त/ 2023-24, दिनांक 19.10.2023	नि0खं0/ जौनुपर	मां धनेसरा देवी राम निरंजन सिंह इण्टर कालेज से जमालपुर रानीपटटी मलिकानपुर सम्पर्क मार्ग।	1.00	47.93	11.98
19	2837/(54-C)/समग्र वृत्त/ 2023-24, दिनांक	प्रा0खं0/ अमेठी	जामों भादर मार्ग से दलशाहपुर होते हुए सेमरा पिच मार्ग तक	0.900	54.38	13.60

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

क्र0 सं0	मुख्य अभियन्ता (मु0-1) लो0नि0वि0 का पत्रांक व दिनांक	खण्ड/ जनपद	कार्य का नाम	कुल लम्बाई (कि0 मी0 में)	कुल लागत	अवमुक्तधनराशि
1	2	3	4	5	6	7
	26.12.2023		सम्पर्क मार्ग।			
				कुल योग-	3109.28	777.32

(1) प्रश्नगत कार्य की द्विरावृत्ति को रोकने की दृष्टि से प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लो0नि0वि0, लखनऊ द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि उक्त कार्य पूर्व में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम के अन्तर्गत न तो स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम में आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है। यदि द्विरावृत्ति पायी जाय तो उस स्वीकृति को निरस्त करते हुए संबंधित कार्य पर आवंटित धनराशि शासन को तत्काल समर्पित की जाय।

(2) प्रश्नगत कार्य को उस समय तक प्रारम्भ न किया जाय और न ही उन पर कोई व्यय भार लिया जाय जब तक कि स्वीकृत लागत के अन्तर्गत विस्तृत आगणन गठित कर उस पर सक्षम अधिकारी द्वारा प्राविधिक स्वीकृति प्रदान न कर दी जाय। यदि यह कार्यवाही सुनिश्चित नहीं की जाती है तो समस्त उत्तरदायित्व संबंधित मुख्य अभियंता/अधीक्षण अभियंता/अधिशासी अभियंता का होगा।

(3) अधिष्ठान व्यय की धनराशि समय-समय पर स्वीकृत/आवंटित की जा रही धनराशि के सापेक्ष ही जमा की जायेगी। अधिष्ठान व्यय की धनराशि वित्त(लेखा) अनुभाग-2 के संशोधित शासनादेश सं0-ए-2-1606/दस-2014-74(4)/75, दिनांक 11.11.14 द्वारा जारी संशोधित/परिवर्तित व्यवस्था के अनुसार राजकीय विभागों द्वारा कैश क्रेडिट लिमिट(सी0सी0एल0) प्रणाली व डिपार्टमेंट क्रेडिट लिमिट(डी0सी0एल0) प्रणाली के अन्तर्गत किये जाने वाले कार्यों पर दिनांक 01.04.2014 से सेन्टेज कार्यांश(लागत 100) का 6.875 प्रतिशत सेन्टेज/अधिष्ठान व्यय की धनराशि वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश विभाग सं0-बी-1-901/दस- 2011-231/2011, दिनांक 21.03.2011 के संलग्नक में प्रदर्शित प्राप्ति लेखाशीर्षक- "1054-00-800-05-00-00" में ट्रान्सफर इंट्री डाटा क्रेडिट करके जमा की जायेगी।

(4) लेबर सेस की एक प्रतिशत धनराशि इस शर्त के अधीन होगी कि श्रम विभाग को उक्त धनराशि का भुगतान किया जायेगा।

(5) मूल्य ह्रास आरक्षित निधि की धनराशि समय-समय पर स्वीकृत/ आवंटित की जा रही धनराशि के सापेक्ष ही जमा की जायेगी। मूल्य ह्रास आरक्षित निधि की धनराशि शासनादेश सं0-3280 (1)23-9-05-25-20एसी/05, दिनांक 21.09.2005 एवं शासनादेश सं0-313/23-9-2013- 20एसी/04टीसी, दिनांक 14.03.13 में की गई व्यवस्था के अनुसार लेखाशीर्षक" 1054-सड़क तथा सेतु-800-अन्य प्राप्तियां- 04-टूल्स एवं प्लाण्ट की प्राप्तियां" में जमा करायी जायेगी।

(6) प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लो0नि0वि0, लखनऊ द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा की परियोजना में जी0एस0टी0 की धनराशि समय-समय पर स्वीकृति/आवंटित की जा रही धनराशि के सापेक्ष नियमानुसार जमा की जायेगी।

(7) प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च, 2024 तक कर लिया जाय। कार्य सम्पादन के अनुरूप उपयोगिता प्रमाण पत्र दिनांक 30 अप्रैल 2024 तक शासन को निश्चित रूप से उपलब्ध करा दिया जाय।

(8) प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि के सापेक्ष व्यय, वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों/ज्ञापों में उल्लिखित शर्तों के अनुसार बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्तपुस्तिका के नियमों, स्थायी आदेशों आदि तथा राज्य सड़क निधि नियमावली में किये गये प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जाय तथा किसी भी दशा में प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग किसी अन्य मद में न किया जाय।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

(9) राज्य सड़क निधि हेतु गठित उ0प्र0 राज्य सड़क निधि प्रबंधन समिति द्वारा अनुमोदित परियोजनाओं/प्रयोजनों के लिये ही स्वीकृत/आवंटित धनराशि का उपयोग किया जायेगा। यह सुनिश्चित किया जाय कि जिन प्रयोजनों हेतु राज्य सड़क निधि से धनराशि स्वीकृत हुई है वह उसी प्रायोजन हेतु व्यय की गयी है। विभाग द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जाय कि कार्य की स्वीकृति प्राप्त होने के बाद कार्य की अव्यवहारिकता दर्शाते हुए स्वीकृति निरस्त न हो।

(10) प्रश्नगत कार्य निर्धारित व अनुमोदित मानकों एवं विशिष्टियों के अनुरूप सम्पादित कराये जाय ताकि उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। यदि किसी अपरिहार्य परिस्थितिवश निर्धारित मानकों/विशिष्टियों में परिवर्तन किया जाना अपेक्षित हो तो, उक्त परिवर्तन/विचलन शासन की पूर्वानुमति से ही किया जाय। प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लो0नि0वि0, लखनऊ द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि आगणन में किसी भी प्रकार की त्रुटि न होने पाये।

(11) विभाग द्वारा यथावश्यक वैधानिक अनापत्तियां एवं पर्यावरणीय क्लियरेन्स नियमानुसार सक्षम स्तर से प्राप्त करके ही निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

(12) प्रायोजनान्तर्गत यदि वन भूमि से संबंधित कार्य प्रस्तावित किया जाता है तो इस संबंध में आवश्यक वैधानिक अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाना आवश्यक होगा।

(13) प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ द्वारा प्रश्नगत कार्य से सम्बन्धित बचत (यदि हो तो) व कार्य पूर्णता इत्यादि की सूचना यथासमय शासन को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जायेगा।

(14) सेन्टेज चार्जेज (प्रतिशत प्रभार), निर्माण लागत तथा वित्तीय स्वीकृति से सम्बन्धित वित्तीय प्रबंधन विषयक वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-01/2023/ए-2-60/दस-2023-17(4)/75, दिनांक 17.05.2023 एवं शासनादेश संख्या-02/2023/ए-2-66/दस-2023-17(4)/75, दिनांक 19.05.2023 में निर्धारित प्रक्रिया एवं निहित शर्तों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(15) प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ द्वारा वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप सं0-2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023, दिनांक 17 मार्च, 2023 एवं शासनादेश सं0-10/2023/बी-1-602/दस-2023-231/2023, दिनांक 19 सितम्बर, 2023 एवं अन्य सुसंगत शासनादेशों में दिये गये निर्देशों का पूर्णतया अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय **रू0 7,77,32,000/- (रूपये सात करोड़ सतहत्तर लाख बत्तीस हजार मात्र)** को चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-58 **लेखाशीर्षक 5054043375800** राज्य सड़क निधि से सड़कों का निर्माण/सुदृढ़ीकरण/चौड़ीकरण मानक मद 24-वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023, दिनांक 17 मार्च, 2023 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

राजेश प्रताप सिंह
उप सचिव।

संख्या-28/2024/आई/481052(1)/23-1-24/001-23-1002(002)/2/2024, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- निजी सचिव, मा0मंत्री जी/मा0राज्य मंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश।
2- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), प्रथम/द्वितीय उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
3- जिलाधिकारी/कोषाधिकारी, संबंधित जनपद।
4- मुख्य अभियंता(मुख्यालय-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ ।
5- मुख्य अभियंता, संबंधित क्षेत्र, लोक निर्माण विभाग।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

6- संबंधित अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
7- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
8- वेब मास्टर, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ ।
9- वेब अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
10- लोक निर्माण अनुभाग-10/वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8, उ0प्र0शासन।
11- नोडल अधिकारी (आनलाइन बजट एलॉटमेंट सिस्टम), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
12- गार्ड फाइल

आज्ञा से,

राजेश प्रताप सिंह
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।